हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 26 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

14 युवा प्रभाग- सर्व आदिवासी समाज ने किया 300 पौधों ...



14 कारगिल विजय दिवस पर महर्षि विद्या मंदिर में ...





## खबर संक्षेप

### खट्टी में रथयात्रा की वापसी आज

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की वापसी आज 26 जुलाई को होगी। रथयात्रा गांव के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए वापस पहुंचेगी। उक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर के पुजारी सुभाष शर्मा, ओंकार प्रसाद शर्मा, करण तिवारी, अर्जुन तिवारी, मोतीलाल तिवारी, खुशी उपाध्याय, खुशबू उपाध्याय ने दी।

### दो लोगों के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम रसोड़ा में मारपीट के मामले में तीन लोगों के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अजय नेताम 24 जुलाई की रात 8 बजे शिवा मुन्ना के साथ अपने मामा के घर जा रहा था। रास्ते में उन्होंने देखा कि घुंघरू, सचिन, बनीकेत गांव के उजबती के साथ विवाद कर रहे थे, जिस पर शिवा मुन्ना क्यों विवाद कर रहे हो कहा, इस पर तीनों मिलकर शिवा मुन्ना के साथ गाली गलौज करने लगे। जब प्रार्थी ने मना किया आरोपी दोनों के साथ मारपीट करने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### झगड़ा करने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बरपेलाडीह के एक व्यक्ति के साथ दो लोगों द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को मनीराम चौहान ने बताया कि 24 जुलाई को गांव के स्कूल के पास देवलाल भोई और गोपाल भोई दूसरे गांव के लड़कों के साथ झगड़ा रहे रहे थे। जब उसने मना किया तब दोनों ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### गुडरूपारा में मारपीट

**महासमुंद।** नगर के गुडरूपारा में हुई मारपीट की घटना में दो लोगों को चोटें आई है। घटना की रिपोर्ट पर कोतवाली थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। 24 जुलाई को लगभग 10 बजे शुभम ढीमर, गुलशन ढीमर, नारायण ढीमर मोहल्ले में गाली गलौच कर रहे थे। जिसे दुर्गेश जलक्षत्री द्वारा मना किया। जिसके बाद वे तीनों दुर्गेश के साथ विवाद करने लगा। आवाज सुनकर आए दुर्गेश के भाई पिंटू जलक्षत्री एवं प्रेम लाल जलक्षत्री के साथ भी तीनों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट की। इस दौरान किसी नुकीली वस्तु से पिंटू को शुभम ढीमर ने मारा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# जिले में पालतू के मुकाबले आवारा कुत्तों का टीकाकरण आधा भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में आवारा कुत्तों की नसबंदी के मामले में जो रिपोर्ट सामने आई है वह चौंकाने वाले हैं। पूरे जिले में नर नसबंदी के मामले में पशु चिकित्सा विभाग ने 2 कुत्तों की नसबंदी की है वहीं मादा नसबंदी के मामले में यह आंकड़ा शून्य है।


आवारा कुत्तों के टीकाकरण के 309 और डिवॉर्मिंग के 323 आंकड़े ही सामने आए हैं, जो कुल आवारा कुत्तों की आबादी के मुकाबले बेहद कम हैं। इसके विपरीत, पालतू कुत्तों के टीकाकरण के 1809 और डिवॉर्मिंग के 1149 मामले दर्ज किए गए हैं, जो यह दर्शाते हैं कि विभाग केवल कागजी औपचारिकताओं को पूरा करने में जुटा है।

सर्वोच्च न्यायालय के सख्त निर्देशों और स्वतः संज्ञान लिए गए मामलों के बावजूद जिले में आवारा कुत्तों और सड़कों पर घूमने वाले पशुओं के नियंत्रण को लेकर व्यवस्था काफी सुस्त है। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़े जिले में चल रहे कार्यों की धीमी रफ्तार और गंभीर लापरवाही को उजागर करते हैं, जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा पर बड़ा संकट मंडरा रहा है। जिले में आवारा कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। लेकिन, इसके नियंत्रण के लिए जमीनी स्तर पर किए जा रहे उपाय बेहद अपर्याप्त हैं।

## केवल 2 कुत्तों की नसबंदी हो पाई, वही मादा नसबंदी का आंकड़ा शून्य

### डॉग बाइट के मामलों में वृद्धि

सड़कों पर खुलेआम घूम रहे खतरनाक और आवारा कुत्तों के कारण आम जनता लगातार इनका शिकार बन रही है। जिले में कुत्ते के काटने (डॉग बाइट) के मामलों में उपचार की संख्या 71 दर्ज की गई है। इसके अलावा, कुत्तों के सामान्य उपचार के 795 मामले और पेट्रोलिंग टीम द्वारा उपचार के केवल 14 मामले सामने आए हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि मैदानी स्तर पर रैबीज और कुत्तों के हमलों को रोकने के लिए कोई ठोस या प्रभावी अभियान संचालित नहीं हो रहा है।



### राजमार्गों पर जमावड़ा और दुर्घटनाओं का खतरा

जिले की प्रमुख सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा पशुओं का डेरा आम बात हो गई है, जिसके कारण आए दिन गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। प्रशासन के वे दावे खोखले साबित हो रहे हैं जिनमें राजमार्गों से आवारा पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की बात कही गई थी। जिले में अब तक गोशाला में केवल 2 और गोधाम में महज 11 पशुओं को ही आश्रय दिया जा सका है। सड़कों पर घूम रहे हजारों मवेशियों की तुलना में यह आंकड़े बेहद निराशाजनक हैं। प्रशासन द्वारा रात के समय होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए 2904 पशुओं पर रेडियम बेल्ट लगाने का दावा किया गया है। हालांकि, धरातल की स्थिति यह है कि कई मवेशी अब भी बिना रेडियम बेल्ट के सड़कों और चौराहों पर घूमते नजर आते हैं, जिससे यात्रियों की जान का जोखिम लगातार बना हुआ है।

**धर्म-कर्म :** बाजे-गाजे के साथ जगन्नाथ भवन से निकली यात्रा

# निज धाम पहुंचे जगत के नाथ, शहर में धूमधाम से निकली बाहुड़ा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नौ दिनों का विश्राम पूरा होने के बाद शनिवार देर रात भगवान जगन्नाथ, भैया बलभद्र और बहन सुभद्रा अपनी मौसी मां के घर से वापस अपने धाम लौट आए। छत्तीसगढ़ करण महंती समाज, मां तारिणी महिला मंच और महंती युवा मंच के संयुक्त तत्वावधान में नगर में बाहुड़ा यात्रा का आयोजन बहुत धूमधाम से किया गया।

शनिवार की देर शाम को बाहुड़ा यात्रा बाजे-गाजे के साथ सुभाष नगर स्थित जगन्नाथ भवन से निकली। सुभाष नगर स्थित जगन्नाथ भवन से शुरू होकर बाहुड़ा यात्रा शहर के कई मुख्य मार्गों से गुजरी। यह यात्रा गंजपारा, स्वामी चौक, नेहरू चौक, महामाया मंदिर होते हुए गांधी चौक स्थित श्रीराम जानकी मंदिर पहुंची। इन सभी स्थानों पर भक्तों ने भगवान का भव्य स्वागत किया। मंदिर पहुंचने पर भगवान के विग्रहों को वापस उनके स्थान पर स्थापित किया गया। बाहुड़ा शब्द का अर्थ वापसी या लौटना होता है। रथ यात्रा के नौ दिन पूरे होने के बाद, भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा अपनी मौसी मां गुंडिचा के मंदिर से अपने मुख्य मंदिर वापस आते हैं। यह वापसी यात्रा भी मुख्य रथ यात्रा की तरह ही बहुत महत्वपूर्ण और उल्लास से भरी होती है।





### चार महीने के लिए योग निद्रा में जाएंगे भगवान

मान्यताओं के अनुसार, मौसी के घर नौ दिन बिताने के बाद महाप्रभु जगन्नाथ अपने भाई-बहन के साथ अपने धाम लौट आए हैं। इस वापसी के बाद अब भगवान अगले चार महीनों के लिए योग निद्रा में चले जाएंगे।

### घर वापसी का उल्लास और भक्तों का उत्साह

भगवान की यह घर वापसी किसी परिवार के सदस्य के वापस लौटने जैसी होती है। भक्तों को इस बात की खुशी होती है कि उनके आराध्य अब अपने मूल निवास पर लौट आए हैं। यात्रा के दौरान पूरे रास्ते में भारी उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह पर भक्तों ने फूलों से भगवान जगन्नाथ का स्वागत किया।

### विधायक ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की




जगन्नाथ भवन में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बाहुड़ा यात्रा से पूर्व भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हुए क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान महंती समाजजनों से विधायक ने आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता संदीप घोष, हरवंश सिंह (नानू भाई), अमित साहू, महंती समाज के संजय महंती, प्रताप महंती, प्रभात महंती, आशीष महंती, रिंकू पटनायक सहित अन्य सदस्य सहित श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी का फरार आरोपी छह साल बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वाहन के पुराने नेशनल परमिट पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय रायपुर के सील और अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर कर दस्तावेजों में कूटरचना कर शासन को गुमराह कर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को जिले की पुलिस ने छह साल बाद गिरफ्तार किया है। बता दें कि मामले का खुलासा खम्हारपाली चेक पोस्ट में चेकिंग के दौरान हुआ था। जिसके बाद सिंघोड़ा थाना में धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस ने मामले को लेकर बताया कि प्रार्थी राजेंद्र कुमार बर्मन पिता कलीराम बर्मन (40 साल) परिवहन चेक पोस्ट खम्हारपाली थाना सिंघोड़ा ने 22-08-20 को वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 1539 को खम्हारपाली चेक पोस्ट में रोककर वाहन की दस्तावेज की जांच करने पर वाहन के नेशनल परमिट प्रथम दृष्टया संदेहास्पद प्रतीत होना व शासन के वेबसाइट में जांच करने पर प्रस्तुत दस्तावेज छग परिवहन विभाग द्वारा जारी नहीं किया जाना पाया। इसके बाद वाहन के मालिक एवं चालक द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर व्यक्तिगत लाभ के लिये शासन को धोखा देने कि रिपोर्ट पर थाना सिंघोडा के अपराध दर्ज किया गया। प्रकरण में वाहन का चालक सोनू सिंह गिल पिता गुलजार सिंह टाटीबंद रायपुर फरार हो गया था। वहीं मालिक सतनाम सिंह पिता कबीर सिंह चीमा (35 साल) सीएच-143 वीर सावरकर नगर रायपुर जिला रायपुर (छग) भी मामला दर्ज होने की जानकारी मिलने पर फरार हो गया। दोनो आरोपियों की लगातार 5-6 साल से तलाश की जा रही थी।

मामले की विवेचना के दौरान में टेक्निकल डाटा एनालिसिस एवं कॉल डिटेल के आधार पर आरोपी वाहन मालिक सतनाम सिंह पिता कबीर सिंह चीमा को छत्तीसगढ के लोकेशन की जानकारी ज्ञात होते ही पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर थाना सिंघोड़ा लाया गया। जिसने पूछताछ में बताया कि वर्ष 2020 में कोरोना काल के समय उसके ट्रेलर वाहन को ड्रायवर सोनू सिंह गिल उर्फ सोहन सिंह पिता गुलजार सिंह (32 साल) ग्राम तलवंडी कथुननगल जिला अमृतसर (पंजाब) चलाते हुए रायपुर से ओडिशा जा रहा था, जिसे खम्हारपाली चेकपोस्ट थाना सिंघोड़ा जिला महासमुंद में आरटीओ अधिकारी ने रोक कर दस्तावेजों की जांच में पाया कि नेशनल परमिट में कूटरचना एवं धोखाधड़ी की गई है। पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन मालिक सतनाम सिंह को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।



## बाइक से गांजा का परिवहन, दो लोग गिरफ्तार



**महासमुंद।** बाइक से गांजा का अवैध परिवहन करने वाले दो लोगों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि बागबाहरा रोड की ओर से मोटर सायकल टीवीएस स्पोर्ट्स सीजी 04 डीजेड 2188 में दो व्यक्ति काले रंग के बैग में गांजा लेकर महासमुंद की ओर जा रहे है। इस सूचना के बाद खट्टी मोड़ महासमुंद जाकर पुलिस ने नाकाबंदी की और बाइक को रोका। पूछताछ में मोटर सायकल चालक ने अपना नाम राधेश्याम दीवान पिता बिशेसर दीवान (36 साल) निवासी पठारीमुडा थाना बागबाहरा जिला महासमुंद एवं पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम गोविंद पटेल पिता आनंद पटेल (35 साल) निवासी अनवरपुर थाना बागबाहरा जिला महासमुंद होना बताए। साथ ही बैग में गांजा होने की जानकारी दी और उक्त गांजा को ग्राम जामपानी ओडिशा के भगत नायक उर्फ हरिलाल नायक के पास से लाकर रमा महिलांग के पास बिरकोनी ले जाना बताया। पुलिस ने बैग की तलाश लेकर 3.160 किग्रा गांजा कीमत 155000 रुपए, मोबाइल और बाइक को बरामद किया। इस मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की।

# परीक्षा व्यवस्था में सुधार और पेपर लीक के खिलाफ राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों और युवाओं ने नगर के अंबेडकर चौक पर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के पास धरना-प्रदर्शन किया। भीम आर्मी भारत एकता मिशन छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम के तहत भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। प्रदर्शन के बाद छात्रों ने रैली निकाल तहसील कार्यालय पहुंच राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से छात्रों और युवाओं ने प्रमुख मांगें उठाई हैं जिसमें केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल पद छोड़ने की मांग की गई है। आंदोलन से जुड़ी परिस्थितियों में जान गंवाने वाले छात्रों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग रखी गई। संसद के भीतर पेपर लीक के मामलों और छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर विस्तृत चर्चा कराए जाने की मांग की गई है। आंदोलन में शामिल छात्रों के खिलाफ किसी भी प्रकार की दंडात्मक या कानूनी कार्रवाई न किए जाने की बात कही गई है। पेपर लीक करने वाले गिरोहों और शिक्षा माफिया के खिलाफ सख्त, कठोर और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि युवाओं के भविष्य और अधिकारों की रक्षा के लिए समय पर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो लोकतांत्रिक और संवैधानिक दायरे में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय युवा और छात्र शामिल रहे।

उल्लेखनीय है कि संगठन द्वारा इधर केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की जा रही थी। जिसके आधे घंटे बाद ही केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर आ गई। इस्तीफे के बाद विरोध प्रदर्शन के कई अन्य कार्यक्रम रद्द भी हो गए।

### शिक्षा और भर्ती प्रणाली में सुधार की मांग

भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने और परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए छात्रों ने व्यवस्थागत सुधारों की मांग की है। नीट, जेईई और अन्य सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित प्रणाली लागू हो। सभी सरकारी भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं का आवेदन शुल्क पूरी तरह समाप्त किया जाए। महिला अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र उनके अपने गृह जिले में और पुरुष अभ्यर्थियों के केंद्र उनके गृह या नजदीकी जिले में ही बनाए जाएं। सभी विभागों के खाली पदों को तय समय-सीमा के भीतर भरा जाए और राष्ट्रीय तथा राज्य स्तर पर हर साल परीक्षा एवं भर्ती का कैलेंडर जारी किया जाए। प्रतियोगी परीक्षाओं में नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया को समाप्त किया जाए। जिन परीक्षाओं में स्कोर कार्ड नहीं मिलते, उनमें हर अभ्यर्थी के प्राप्तांक सार्वजनिक किए जाएं।

**थमीं शहनाइयों की गूंज, 13 जुलाई से अस्त हो गया है गुरु**

# 20 नवंबर तक मांगलिक कार्यों पर लगा विराम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले सहित पूरे अंचल में पिछले कई महीनों से गूंज रही शहनाइयों और बैंड-बाजों की आवाजें अब थम गई हैं। विवाह सीजन की रौनक के बाद अब मांगलिक कार्यक्रमों पर लगभग चार माह का विराम लग गया है। इसका कारण गुरु तारा का अस्त होना और देवशयनी एकादशी से प्रारंभ होने वाला चातुर्मास है।

धार्मिक पंचांग के अनुसार इस वर्ष 13 जुलाई से गुरु तारा अस्त हो चुका है। ज्योतिषीय मान्यताओं के मुताबिक गुरु के अस्त रहने की अवधि में विवाह, गृह प्रवेश, जनेऊ संस्कार, मुंडन सहित अन्य शुभ एवं मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। यही वजह है कि 13 जुलाई के बाद से विवाह के मुहूर्त नहीं होने के कारण जिले में शादियों का सिलसिला थम गया है।

इसी क्रम में 25 जुलाई को देवशयनी एकादशी से चातुर्मास का शुभारंभ होगा। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीहरि विष्णु चार माह के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं। इस अवधि में सृष्टि के संचालन का दायित्व भगवान शिव संभालते हैं। भगवान विष्णु के शयनकाल में रहने के कारण विवाह सहित सभी मांगलिक कार्य स्थगित माने जाते हैं।

गुरु के अस्त होने और चातुर्मास प्रारंभ होने के संयुक्त प्रभाव के चलते अब 20 नवंबर तक जिले में विवाह एवं अन्य शुभ कार्य नहीं होंगे। इसका असर विवाह व्यवसाय से जुड़े टेंट हाउस, कैटरर्स, मैरिज पैलेस, बैंड दल, सजावट और अन्य संबंधित कारोबारों पर भी दिखाई देगा। आगामी चार महीनों तक इन व्यवसायों में अपेक्षाकृत सुस्ती बनी रहने की संभावना है।

### देवउठनी एकादशी पर जागेंगे भगवान विष्णु

कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी, जिसे देवउठनी एकादशी कहा जाता है, के दिन चातुर्मास का समापन होगा। इस वर्ष यह तिथि 20 नवंबर को पड़ रही है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु चार माह की योगनिद्रा के बाद जागृत होते हैं। देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु एवं माता तुलसी का विवाह संपन्न कराया जाता है तथा विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इसी के साथ विवाह सहित सभी मांगलिक कार्यों की पुनः शुरुआत हो जाती है।

### नवंबर और दिसंबर में मिलेंगे कई शुभ मुहूर्त

देवउठनी एकादशी के बाद जिले में एक बार फिर विवाह सीजन शुरू हो जाएगा। पंचांग के अनुसार नवंबर माह में 21, 24, 25 और 26 नवंबर को विवाह के शुभ मुहूर्त उपलब्ध हैं। वहीं दिसंबर में 2, 3, 4, 5, 6, 11 और 12 दिसंबर को भी विवाह के लिए उत्तम योग बन रहे हैं। इसके बाद वर्ष 2027 में भी अनेक शुभ मुहूर्त उपलब्ध रहेंगे। नवंबर से जून तक लगातार विवाह योग्य तिथियां मिलने से आगामी सीजन में एक बार फिर बाजारों, मैरिज पैलेसों और विवाह स्थलों पर रौनक लौटने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### पत्नी ने की खुदकुशी पति को सात साल कैद

**रायपुर।** पत्नी को खुदकुशी के लिए प्रेरित करने के आरोप में अपर सत्र न्यायाधीश नरेंद्र कुमार की कोर्ट ने सात वर्ष कैद के साथ पांच सौ रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक रितेश अवस्थी के अनुसार, कोर्ट ने धरसींवा निवासी संजय कुमार साहू को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपी अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करते हुए उसे प्रताड़ित करता था। आरोपी की पत्नी ने 3 जुलाई 2023 को अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस ने संजय की मां को भी आरोपी बनाया था, लेकिन कोर्ट ने उसे दोषमुक्त करार दिया।

### शराब बेचते धरा गया कोचिया



**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने एक युवक को शराब बेचते गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से साढ़े तीन हजार रुपए कीमत की शराब जब्त की गई है। शराब बेचने के आरोप में पुलिस ने तोरण गायकवाड़ उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 6.300 लीटर शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को भाठागांव, देवपुरी में शराब बेचते गिरफ्तार किया है।

### शराब पीने पैसे नहीं दिए तो किशोर को पीटा

**रायपुर।** शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर दो लड़कों ने एक 16 साल के किशोर के साथ मारपीट की। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। नेहरू नगर निवासी किशोर ने सुबे सागर तथा संदीप के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि दोनों लड़के उससे शराब पीने पैसों की मांग कर रहे थे। इंकार करने पर दोनों लड़कों ने किशोर के साथ मारपीट की।

### स्काउट-गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त ने की समीक्षा

**रायपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा की अध्यक्षता में जिला संगठन आयुक्तों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। राज्य मुख्य आयुक्त श्री खालसा ने सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान राष्ट्रगीत का अनिवार्य रूप से गायन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संगठन के अंशदान की राशि 31 अगस्त तक अनिवार्य रूप से जमा कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में दल संचालन के लिए कम से कम एक बेसिक स्काउट मास्टर एवं एक गाइड कैप्टन प्रशिक्षित होना आवश्यक है। साथ ही राज्य स्तर पर प्रत्येक जिले का भ्रमण कर स्काउट-गाइड गतिविधियों की समीक्षा किए जाने की जानकारी भी दी।

### प्रोजेक्ट धड़कन, बच्चों की हुई निशुल्क हृदय जांच

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन रायपुर द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए संचालित "प्रोजेक्ट धड़कन" के अंतर्गत जिले भर में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस अभिनव पहल का उद्देश्य बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की समय रहते पहचान कर उन्हें बेहतर एवं निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन तथा श्री सत्य साई हॉस्पिटल के सहयोग से अभनपुर टीम बी द्वारा शासकीय हाई स्कूल कोलार में 131 बच्चों, आरंग टीम बी द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला बोहारडीह में 48 बच्चों, धरसींवा टीम बी द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला धरमपुरा में 126 बच्चों, तिल्दा टीम बी द्वारा हाई स्कूल भुमिया में 336 बच्चों, अर्बन टीम ए द्वारा पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1, रायपुर में 250 बच्चों, अर्बन टीम बी द्वारा बिन्नी बाई सोनकर, भाठागांव में 294 बच्चों तथा अर्बन टीम डी द्वारा हाई स्कूल तिलकनगर, गुढ़ियारी में 206 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई।

## युवाओं के संघर्ष और न्याय की जीतः मंत्री का इस्तीफा केवल शुरुआत, असली लड़ाई व्यवस्था सुधार कीः द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा देश के करोड़ों युवाओं, छात्रों और उनके अभिभावकों के अनवरत संघर्ष और आक्रोश की बड़ी जीत बताते हुए खल्लारी विधायक एवं जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि यह इस्तीफा इस बात का जीवंत प्रमाण है कि लोकतंत्र में जनता की आवाज से बड़ी कोई ताकत नहीं।

यादव ने केंद्र सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कहा, ‘यह इस्तीफा केंद्र की मोदी सरकार के अहंकार पर देश के युवाओं का करारा प्रहार है। महीनों तक पेपर लीक, भ्रष्टाचार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की नाकामियों पर पर्दा डालने की कोशिश की गई।

विधायक ने कार्यकर्ताओं और युवाओं से अपील करते हुए कहा कि हमें इस मोड़ पर केवल आतिशबाजी करने या मिठाई बांटने तक सीमित नहीं रहना है। यह समय जश्न से ज्यादा आत्ममंथन और भविष्य की रणनीति तैयार करने का है। उन्होंने आने वाले समय के लिए निम्नलिखित प्रमुख बातों को याद रखने और उन पर काम करने का आह्वान किया। मुद्दा व्यक्ति का नहीं, व्यवस्था का हैः केवल एक मंत्री का हटना समाधान नहीं है। जब तक परीक्षाओं की पूरी प्रणाली पारदर्शी नहीं होती और एटीए जैसी संस्थाओं का पुनर्गठन नहीं होता, हमारी नजरें इस मुद्दे पर टिकी रहेंगी। उन्होंनें कहा कि विपक्ष आने वाले समय में भी इस मुद्दे को पूरी ताकत से उठाएगा। ताकि, भविष्य में किसी भी युवा का करियर राजनीति की भेंट न चढ़े।

जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने अंत में कहा कि छत्तीसगढ़ का एक-एक कार्यकर्ता देश के युवाओं के भविष्य और न्याय की इस लड़ाई में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक देश की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से सुरक्षित और दोषमुक्त नहीं हो जाती।

## मोदी के फैसलों और सोनम वांगचुक का अनशन समाप्त होने से विपक्ष का 'भारत विरोधी एजेंडा' उजागर : येतराम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नीट पेपर लीक प्रकरण में दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की दिशा में किए गए महत्वपूर्ण निर्णयों तथा सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक द्वारा अस्पताल में अपना अनशन समाप्त किए जाने के बाद कांग्रेस एवं इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इन घटनाक्रमों ने विपक्ष के राजनीतिक चरित्र और उसके भारत-विरोधी एजेंडे को पूरी तरह बेनकाब कर दिया है।

येतराम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने छात्रों के भविष्य की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नीट पेपर लीक जैसे गंभीर मामलों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई का निर्णय लिया है। सरकार फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से शीघ्र सुनवाई, दोषियों के लिए 5 से 10 वर्ष तक के कठोर दंड, सख्त जमानत प्रावधान तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित कोचिंग संस्थानों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जैसे सशक्त कानूनी प्रावधानों की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के सकारात्मक और संवेदनशील रुख पर विश्वास जताते हुए केंद्रीय मंत्रियों की उपस्थिति में सोनम वांगचुक ने अपना अनशन समाप्त किया। यह इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार संवाद, समाधान और जनहित की राजनीति में विश्वास रखती है तथा देश के छात्रों और युवाओं के भविष्य की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और इण्डी गठबंधन के नेताओं का उद्देश्य छात्रों को न्याय दिलाना नहीं, बल्कि उनकी भावनाओं का राजनीतिक लाभ उठाकर देश में भ्रम, असंतोष और अराजकता का वातावरण तैयार करना था। उन्होंने कहा कि जैसे ही केंद्र सरकार ने समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए, विपक्ष का वास्तविक चेहरा जनता के सामने आ गया।

## झलप में छात्रों की मांग पूरी होने पर आतिशबाजी कर मनाया गया जश्न



हरिभूमि न्यूज ▸▸| झलप

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़ा देने और प्रदर्शनकारी छात्रों के ऊपर लगाए गए केस वापसी और मृतक छात्रों के परिजनों को मुआवजा दिए जाने की मांग पूरी होने पर झलप बस स्टैंड में छात्र एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए आतिशबाजी कर खुशियां मनाई गई।

इस दौरान सर्व समाज से किशन कोसरिया, मो समीर खान, जगजीवन सिंह राजा, भूपेंद्र चंद्राकर, द्वारिका कुर्रे, देवेंद्र रौतिया, संजय यादव, मो.जावेद खान, प्रेम चौहान, योगेश जांगड़े, मधु यादव, भूपेंद्र कुर्रे बिट्टू, वीरेंद्र बंजारे, साहिल बंजारे, जयंत कुर्रे, राहुल धृतलहरे, डायमंड भारती, शकील खान, राजू तांडे, हेमलाल यादव, तेजराम, तुलाराम नागवंशी, हिमांशु कुर्रे, रितेश जांगड़े, आकाश कुर्रे, मुकेश कुर्रे, आर्यन जांगड़े उपस्थित रहे।

## गो सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण की तैयारियां पूर्ण

### 27 को देशभर के सभी जिलों से सरकार को सौंपे जाएंगे 15 करोड़ से अधिक हस्ताक्षरों सहित प्रार्थना-पत्र

**महासमुंद।** गोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से देशव्यापी स्तर पर संचालित गो सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण की सभी तैयारियां अब पूर्ण हो चुकी हैं। देशभर के सभी जिलों में स्थानीय कार्यकारिणी द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दे दिया गया है तथा संबंधित जिला प्रशासन से आवश्यक अनुमति भी प्राप्त कर ली गई है। आगामी 27 जुलाई 2026 को भारत के प्रत्येक जिले में संबंधित जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संबंधित राज्य के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को जनता की ओर से हस्ताक्षरयुक्त प्रार्थना-पत्र एवं ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

विदित हो कि पिछले लगभग छह माह से देशभर के संतों, गोसेवकों एवं गोभक्तों के नेतृत्व में गो सम्मान आह्वान अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से सम्पूर्ण भारत में गोहत्या-निषेध के लिए केंद्रीय कानून का निर्माण, गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान प्रदान करना, गोचर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराना, केंद्रीय गो मंत्रालय की स्थापना, केंद्रीय गो-चारा नीति का निर्माण तथा कृषि, चिकित्सा, पर्यावरण, शिक्षा एवं मानव जीवन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों को गो-केंद्रित राष्ट्रीय नीति का हिस्सा बनाने सहित 30 से अधिक प्रमुख मांगें सरकार के समक्ष रखी जा रही हैं। इन मांगों के समर्थन में देशभर में व्यापक जनजागरण एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है।

ज्ञात हो कि अभियान के प्रथम चरण में 27 अप्रैल 2026 को देश की लगभग 5,000 तहसीलों के माध्यम से 5 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षरों सहित राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा संबंधित राज्यों के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्रियों को प्रार्थना-पत्र सौंपे गए थे। अभियान के पदाधिकारियों के अनुसार इन मांगों पर अब तक अपेक्षित निर्णय न लिए जाने के कारण अब द्वितीय चरण के अंतर्गत 27 जुलाई 2026 को पुनः देशभर के सभी जिलों से अनुस्मारक (रिमाइंडर) प्रार्थना-पत्र सरकार को प्रेषित किए जाएंगे। इस बार अभियान के अंतर्गत संपूर्ण भारत से 15 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षरों सहित प्रार्थना-पत्र सरकार को भेजे जाएंगे।

जिला महासमुंद की ओर से भी लगभग सवा चार लाख हस्ताक्षरों सहित संबंधित जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संबंधित राज्य के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को प्रार्थना-पत्र एवं ज्ञापन सौंपा जाएगा। आगे जिला प्रभारी ने बताया कि जिला महासमुंद में कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जिले के सभी गोभक्तों से अनुरोध है कि वे प्रातः 7:30 बजे तक लोहिया चौक पर एकत्रित हों। शुभ मुहूर्त में ठीक प्रातः 8 बजे से गोमाता के पूजन एवं शंखनाद के साथ श्रीराम जय राम जय जय राम विजय मंत्र का सामूहिक जप प्रारम्भ होगा, जो कि 9:15 तक चलेगा। विजय मंत्र के उपरांत सभी श्रद्धालु भजन-कीर्तन के साथ शांतिपूर्ण एवं अनुशासित प्रार्थना-यात्रा के रूप में जिलाधिकारी कार्यालय की ओर प्रस्थान करेंगे। प्रार्थना-यात्रा में गोमाता बछड़े के साथ सबसे आगे रहेंगे। गौभक्तों की संगठित शक्ति एवं राष्ट्र निर्माण के प्रतीक के रूप में सम्पूर्ण देश में गोमाता के लिए किए गए हस्ताक्षर पत्रों को शोभायात्रा में सम्मिलित किया जाएगा। इसके पश्चात जिलाधिकारी के माध्यम से सरकार को प्रार्थना-पत्र एवं ज्ञापन सौंपा जाएगा।

गो सम्मान आह्वान अभियान, जिला महासमुंद की ओर से समस्त नागरिकों से विनम्र आग्रह किया जाता है कि वे इस राष्ट्रीय जनजागरण अभियान में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनें। सभी नागरिक अपने परिवार सहित पारंपरिक वेशभूषा में निर्धारित समय पर कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर गोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान के लिए आयोजित इस अभियान रूपी महायज्ञ को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफे पर जश्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद



पेपर लीक और परीक्षा विसंगतियों के खिलाफ देश भर के छात्रों के अभूतपूर्व और ऐतिहासिक संघर्ष के आगे आखिरकार केंद्र सरकार को घुटने टेकने ही पड़े। छात्रों के जबरदस्त चौतरफा दबाव के कारण केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा है। छात्रों की इस ऐतिहासिक और बड़ी जीत का जश्न नेहरू चौक में जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने आंदोलन के दौरान छात्रों पर हुए अत्याचारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। जिलाध्यक्ष यादव ने आगे कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि जनता और युवाओं की आवाज को तानाशाही से दबाया नहीं जा सकता। हमें इस बात का गहरा दुख है कि केंद्र में एक ऐसी निष्ठुर सरकार बैठी है, जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होने पर भी लंबे समय तक चुप्पी साधे रही।

नेहरू चौक पर आयोजित इस विजय उत्सव में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, ओबीसी विभाग प्रदेशाध्यक्ष केशव चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, जिला कोषाध्यक्ष सेवनलाल चंद्राकर, शहर महामंत्री निर्मल जैन, ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू, दाऊलाल चंद्राकर, निखिलकांत साहू, लक्ष्मी देवांगन, गणेश शर्मा, भरत सिंह ठाकुर, अमन चंद्राकर, अमर चंद्राकर, राजू यादव, डॉ तरुण साहू, गिरीश पटेल, नरेंद्र सेन, काशीराम शर्मा, गुलशन साहू, तबरेज खान, शहबाज राजवानी, सोनम रामटेके, तुलसी साहू, टोमन सिंह कागजी, गोपी तारक, अक्षय साकरकर, हर्षित चंद्राकर, भोलेनाथ गंधर्व, कुणाल चंद्राकर, रिंकू चंद्राकर, अनुराग चंद्राकर, आकाश निषाद, कविता तिवारी, अनीश राजवानी, विष्णु चंद्राकर, राजेश सिन्हा, लोकेश मांझी, बसंत चंद्राकर, जुगल किशोर शर्मा, युवराज साहू, भानु सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। नेताओं ने एक सुर में कहा कि छात्र विरोधी नीतियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कांग्रेस हमेशा युवाओं के हक की लड़ाई में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी।

## लाफिनखुर्द स्कूल में छात्र संघ का शपथ ग्रहण एवं पौधारोपण कार्यक्रम हुआ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में शाला प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय की शिक्षा गुणवत्ता, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, शैक्षणिक उपलब्धियों तथा विद्यालय के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, सदस्य, पूर्व अध्यक्ष एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह से हुआ। समिति के वरिष्ठ सदस्य संतोष कुमार साहू ने छात्र संघ के पदाधिकारियों को उनके दायित्वों एवं कर्तव्यों का शपथ दिलाया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने छात्र नेताओं को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय की गरिमा एवं अनुशासन बनाए रखते हुए आदर्श नेतृत्व प्रदान करने का आह्वान किया।

शपथ ग्रहण के उपरांत शाला प्रबंधन समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों एवं छात्र संघ के पदाधिकारियों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ कटहल, मुनगा, रामफल सहित विभिन्न फलदार पौधों का रोपण किया गया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। बैठक में विशेष रूप से सुंदरलाल साहू, संतोष कुमार साहू, तेज कुमार साहू, उपसरपंच शिवकुमार निषाद, भीखम साहू, प्रेमनाथ ध्रुव, समिति अध्यक्ष खिलेश साहू, उपाध्यक्ष सरेश कन्नौजे, पंचायत प्रतिनिधि अनिता, संस्था की वरिष्ठ शिक्षिका प्रीति चंद्राकर सहित शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य भारत साहू ने सभी अतिथियों, समिति सदस्यों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सभी के निरंतर सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

### कांग्रेस का प्रदर्शन, पुलिस ने रखा अपना पक्ष

**रायपुर ।** कांग्रेस भवन के सामने प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, नेताओं का पुलिस के साथ झूमा झटकी के बाद उपजे विवाद में पुलिस ने 12 कांग्रेस नेताओं सहित अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इसके विरोध में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस नेता और उनके कार्यकर्ता गुरुवार को खम्हारडीह थाना का घेराव करने के साथ देर रात तक थाना के सामने धरने पर बैठे रहे। कांग्रेस नेताओं के प्रदर्शन के बाद पुलिस ने अपना पक्ष रखते हुए बताया है कि प्रदर्शन के बाद खम्हारडीह थाना में अपराध पंजीबद्ध किया गया है, जिसकी विवेचना जारी है। कांग्रेस नेताओं द्वारा दिए आवेदन को प्रकरण की विवेचना में शामिल किया गया है। मौके पर पाए गए साक्ष्यों के आधार पर आगामी सप्ताह तक अन्य के खिलाफ वैधनिक कार्रवाई की जाएगी।

### आंबेडकर अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं के विस्तार की योजना ठंडे बस्ते में

## आईवीएफ सेंटर बनाने 10, कैंसर विभाग में रोबोटिक सिस्टम के लिए 21 करोड़ मंजूर, काम निविदाओं में फंसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

निसंतान दंपति के इलाज और रोबोटिक प्रक्रिया से ज्यादा सुरक्षित ढंग से ऑपरेशन के लिए कैंसर विभाग में रोबोटिक सिस्टम की योजना अभी भी ठंडे बस्ते में है। निराश करने वाली बात यह है कि वर्ष 2025 में आईवीएफ सेंटर के लिए 10 करोड़ और जनवरी 2026 में रोबोटिक सिस्टम के लिए 21 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जा चुके हैं, मगर पेंच टेंडरों में फंसा हुआ है।

- निसंतान दंपति का इलाज करने 2025 और रोबोट से सर्जरी करने 2026 की योजना

आंबेडकर अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग ने जरूरतों को महसूस करते हुए सरकारी अस्पताल में आईवीएफ सेंटर खोलने का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था। पुरानी योजना को पिछले साल मंजूरी दी गई थी और निजी अस्पतालों में लाखों खर्च करने वाले मरीजों को राहत देने के लिए आंबेडकर अस्पताल में यह सेंटर बनाने की योजना को मंजूरी दी गई थी। इसके लिए वर्ष 2025 के अक्टूबर माह में 10 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी दी गई थी। कुछ ऐसी ही योजना कैंसर विभाग में इलाज के लिए आने वाले मरीजों के सुविधा के विस्तार के लिए बनाई गई थी। इसमें रोबोट की मदद से ऑपरेशन करने की योजना को पूर्ण करने के लिए 21 करोड़ से ज्यादा राशि को मंजूरी दी गई थी। मामला इनसे संबंधित कार्यों को पूरा करने तक पहुंचा और इसके टेंडर की प्रक्रिया में उलझकर रह गया। वर्तमान में आईवीएफ की सुविधा राज्य के किसी भी सरकारी अस्पताल में नहीं है, वहीं रोबोट की मदद से ऑपरेशन की प्रक्रिया एम्स के माध्यम से पूरी हो रही है। आंबेडकर अस्पताल में संतान सुख की आस में आने वाले मरीज निराश हैं और कैंसर के मरीजों का ऑपरेशन पुरानी पद्धति से ही हो रहा है।




### सात बेड के इंटीग्रेटेड हास्पिटल का पता नहीं

ओवरलोड हो रहे आंबेडकर अस्पताल के मरीजों को सुविधा देने बनाया जाने वाला सात सौ बेड का इंटीग्रेटेड हास्पिटल अभी भी कागजों से बाहर नहीं निकल पाया है। निराश करने वाली बात यह है कि 231 करोड़ की इस योजना के लिए सीजीएमएससी डेढ़ साल में निर्माण एजेंसी तय करने टेंडर भी पूरा नहीं कर पाई है। पेचीदगी और अन्य नियमों की वजह से उसका दो प्रयास फेल हो चुका है। योजना के मुताबिक यहां 6 मंजिला सुविधायुक्त हास्पिटल तैयार करना है और योजना की इतनी धीमी चाल से इसके पूरा होने में सालों लगने की संभावना है। इंटीग्रेटेड भवन बनाने के पहले चिन्हित स्थान पर खड़े हास्टल के खंडहर को गिराना होगा और उससे निकलने वाले मलबे को हटाना बड़ा और चुनौती भरा काम है। योजना से संबंधित काम पूरा करने की सुस्ती के कारण भवन तैयार होने में कई साल लगने की संभावना है। तब तक आंबेडकर अस्पताल के कई विभाग में आने वाले मरीजों को बेड शेयर कर अपना इलाज कराना होगा। ओवरलोड मरीजों की समस्या सबसे ज्यादा अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु रोग, मेडिसिन और सर्जरी जैसे विभागों में है।

### दूसरे अस्पतालों के मरीज भी निर्भर

*आंबेडकर अस्पताल में नियमित रूप से डेढ़ से दो हजार मरीज पहुंचते हैं। इसके अलावा यहां इमरजेंसी में सीधे और गंभीर अवस्था दूसरे अस्पताल के साथ राज्य के अन्य जिलों से भी मरीज रेफर किए जाते हैं। सात सौ के सेटअप वाले इस अस्पताल में मरीजों के बेड की संख्या अब 13 सौ के करीब हो चुकी है। हास्पिटल में हमेशा औसतन नौ सौ से हजार मरीज इलाज के लिए भर्ती रहते हैं। नए भवन बनने के बाद वार्डों की क्षमता बढ़ जाएगी और ज्यादा से ज्यादा मरीजों का यहां इलाज किया जा सकेगा।*

## खबर संक्षेप




### बाइक सवार किसान ने तोड़ा दम, सारंगढ़ मार्ग की घटना

**सरायपाली।** थाना क्षेत्र ग्राम बोंदा के नवा तालाब के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम बोड़ेसरा निवासी नेपाल सिंह गड़तिया के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, नेपाल सिंह गड़तिया अपनी हीरो एचएफ डिलक्स (सीजी 06 जीएन 4013) से सरायपाली से सामान खरीदकर गांव लौट रहे थे। शाम करीब 4 बजे ग्राम बोंदा के नवा तालाब के आगे सारंगढ़ मुख्य मार्ग पर सामने से आ रही कार (सीजी 10 एफएच 1084) के चालक ने कथित रूप से तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे, जहां नेपाल सिंह गंभीर रूप से घायल और बेहोश अवस्था में सड़क किनारे पड़े मिले। दुर्घटना में उनके दाहिने पैर, कमर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं। परिजन उन्हें तत्काल शासकीय अस्पताल सरायपाली लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों में ग्राम बोंदा के ललित डडसेना तथा ग्राम बोड़ेसरा के राजेश पांडे बताए गए हैं। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में जांच शुरू कर दी है।

## निधन

### देवबती चंद्राकर

**महासमुंद।** स्थानीय अंबेडकर चौक निवासी देवबती चंद्राकर (95) का 23 जुलाई को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम चरौदाबांध में किया गया। वे घनाराम चंद्राकर की मां व शासकीय महासमुंद महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष व अपना साइकिल स्टोर्स के संचालक दुर्गा चंद्राकर, लीलाधर, हर्ष आदित्य, मोनू, राहुल, प्रिंस चंद्राकर की दादी थीं।



**जांच : ग्राम पंचायत बार के पंचों व ग्रामीणों ने की थी कलेक्टर से शिकायत**

# वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार की शिकायत पर पहुंची जांच टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

ग्राम पंचायत बार में 15वें वित्त की राशि में वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार की शिकायत पर प्रशासन ने जांच तेज कर दी है। पंचों और ग्रामीणों द्वारा बीते 10 जुलाई को कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन के बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी कसडोल के निर्देश पर शनिवार 25 जुलाई को दो सदस्यीय एडीओ टीम जांच के लिए मौके पर पहुंची। जांच टीम ने नियत तिथि स्थान एवं समय पर ग्राम पंचायत भवन बार पहुंचकर शिकायत के आधार पर तीन अलग-अलग विषयों को लेकर आवेदक एवं अनावेदक की उपस्थिति में बयान दर्ज किए। हालांकि, समय के अभाव के कारण सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक के बयान दर्ज नहीं किए जा सके। जांच अधिकारियों के अनुसार दोनों पक्षों को सूचना देकर इन तीनों के बयान अलग से तय तिथि और स्थान पर लिए जाएंगे।



इस दौरान ग्रामीणों और पक्ष-विपक्ष की मौजूदगी में विभिन्न निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच व कार्य स्थलों का निरीक्षण किया गया। टीम ने कन्या आश्रम मैदान समतलीकरण, हाईस्कूल मैदान समतलीकरण, बाजार चबूतरा मरम्मत, दुर्गा चौक से बड़े तालाब तक सीसी रोड निर्माण, दुर्गा चौक मैदान समतलीकरण व ज्योति कक्ष निर्माण, पचरी मरम्मत कार्य, प्रधानमंत्री आवास और बोरिंग चबूतरा मरम्मत सहित 15वें वित्त व अन्य मदों से स्वीकृत कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। वही ग्रामीणों एवं पंचो ने इस मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में जांच एवं निरीक्षण के लिए पहुंचे एडीओ विश्वनाथ जांगड़े एवं वरिष्ठ कारारोपण अधिकारी प्रकाश सिंह साहू की दो सदस्यीय टीम ने कहा कि आज जांच के दौरान शिकायत पक्ष एवं सरपंच, सचिव उपस्थित थे। आज समय अभाव के कारण सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक का बयान दर्ज नहीं किए जा सके। जिसके लिए अलग से समय तिथि एवं स्थान तय कर दोनों पक्षों को बुलाकर बयान लिया जाएगा। इस दौरान हमने शिकायत सम्बंधित विभिन्न मदों से स्वीकृत निर्माण कार्यों की स्थल जांच निरीक्षण भी किया। वहीं इस शिकायत जांच कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# विद्युत समस्या को लेकर हुई बैठक



**सरायपाली।** विंध्यवासिनी मंदिर पारा केंदूढार में ग्रामीणों की मूलभूत समस्या को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से जिला पंचायत सभापति कुमारी भास्कर की उपस्थिति में मोहल्ले में विद्युत व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई।

ज्ञात हो कि इस मोहल्ले में लगभग 60 ग्रामीण निवासरत हैं, किंतु आज तक विद्युत सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में सरपंच पूर्णिमा साहू ने जिला पंचायत सभापति के समक्ष क्षेत्र में शीघ्र विद्युत व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग रखी। जिस पर कुमारी भास्कर ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित उच्च अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा ग्रामीणों की मांग को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि एवं किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष डॉ. रोहित कुमार साहू, पूर्व जनपद सदस्य मोहन चौहान, भाजपा कार्यकर्ता योगेश्वर साहू, दुबे लाल साहू, धनुर्जय साहू, पंच प्रतिनिधि जमुनालाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, पंच अनिता चौहान, विशेषर बरिहा, फागुलाल डड़सेना, प्रेम सागर साहू, कुर्ती राणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कांग्रेस छात्रों के नाम पर राजनीति कर लोकतांत्रिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रही है : स्वप्निल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने कांग्रेस द्वारा हाल ही में किए गए आंदोलन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस ने छात्रों के हितों की आड़ में राजनीतिक रोटियां सेंकने का प्रयास किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने जंतर-मंतर पर आयोजित आंदोलन में वास्तविक छात्रों के स्थान पर अपने युवा नेताओं और कार्यकर्ताओं को आगे कर आंदोलन को राजनीतिक रंग देने तथा शांति व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश रही। तिवारी ने कहा कि आंदोलन के दौरान जिस प्रकार की अभद्र भाषा, अशोभनीय व्यवहार और जनप्रतिनिधियों के प्रति अपमानजनक टिप्पणियां की गईं, वे किसी जिम्मेदार छात्र आंदोलन की पहचान नहीं हो सकतीं। उनका कहना है कि छात्र अपने भविष्य और शिक्षा से जुड़े मुद्दों को लोकतांत्रिक एवं गरिमापूर्ण तरीके से उठाने में विश्वास रखते हैं, जबकि कांग्रेस ने इस आंदोलन को राजनीतिक मंच बनाकर



सामाजिक और राजनीतिक सौहार्द्र को प्रभावित करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार लोकतांत्रिक संस्थाओं और संवैधानिक परंपराओं को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। जनप्रतिनिधियों के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग न केवल लोकतंत्र का अपमान है, बल्कि देश की स्वस्थ राजनीतिक संस्कृति के भी विरुद्ध है। लोकतंत्र में असहमति व्यक्त करने का अधिकार सभी को है, लेकिन उसका स्वरूप मर्यादित, संयमित और संवैधानिक होना चाहिए। भाजपा जिला प्रवक्ता ने कहा कि केंद्र सरकार छात्रों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। सरकार सदन के भीतर सभी विषयों पर चर्चा करने के लिए सदैव तैयार रही है और विपक्ष को भी लोकतांत्रिक विमर्श में भाग लेना चाहिए। यदि कांग्रेस वास्तव में छात्रों के हितों के प्रति गंभीर होती, तो वह संसद में चर्चा से भागने के बजाय रचनात्मक सुझाव देती और समाधान खोजने में सहयोग करती।

उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस हर जनहित के विषय को राजनीतिक अवसर में बदलने का प्रयास करती है। छात्रों के भविष्य जैसे संवेदनशील मुद्दे पर भी राजनीतिक लाभ लेने की मानसिकता कांग्रेस की वास्तविक सोच को उजागर करती है। देश के युवाओं को भ्रमित करने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को अस्थिर करने के प्रयास कभी सफल नहीं होंगे। स्वप्निल तिवारी ने विश्वास व्यक्त किया कि देश का युवा सत्य और विकास की राजनीति को समझता है तथा वह ऐसे राजनीतिक षड्यंत्रों का हिस्सा नहीं बनेगा।

# भाजपाइयों ने की स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से उनके निवास पर अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रामलाल चौहान, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, सांसद प्रतिनिधि दिनेश रूपरेला, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष आकाश पाण्डेय, भाजयुमो शहर अध्यक्ष राकेश सचदेव, पंकज जैन ने मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया।

प्रतिनिधिमंडल ने कबीरधाम, जांजगीर, मनेन्द्रगढ़, गीदम, कुनकुरी शहर में 5 नए शासकीय मेडिकल कॉलेज, 14 नर्सिंग कॉलेज एवं 7 जगहों पर फिजियोथेरेपी कॉलेज खोले जाने पर हर्ष जताया। नपा उपाध्यक्ष देवीचंद ने बताया कि शासकीय मेडिकल कॉलेज खुलने से 250 सीटें बढ़ रही हैं। इसके अलावा केंद्र



सरकार द्वारा 120 सीटें और बढ़ाई जा रही हैं। इस नए सत्र में लगभग 370 सीटों का इजाफा होने से छत्तीसगढ़ के युवा छात्र-छात्राओं में डॉक्टर बनने के सपने पूरे होंगे। यह प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रयासों का परिणाम है कि एक साथ 5 मेडिकल कॉलेज की अनुमति केंद्र सरकार से कराई गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि हर जिले में मेडिकल कॉलेज हो। विकसित भारत के निर्माण में सरकार के ये फैसले मील के पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि छग शासन का स्वास्थ्य के क्षेत्र में यह ऐतिहासिक फैसला है, जिससे छग के युवाओं को अधिक से अधिक लाभ होगा। छग निर्माण के बाद केंद्र की नरेन्द्र मोदी भाजपा सरकार की देन है कि बहुत से जिलों में मेडिकल कॉलेज की सौगात दी गई है। छग के युवा छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर है। इसी तरह सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रयासों से नर्सिंग कॉलेज महासमुंद विधानसभा को प्राप्त हुआ है। यह क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है।

## शिविर में 98 बस चालक-परिचालकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**महासमुंद।** सड़क सुरक्षा एवं यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने शनिवार को बस स्टैंड महासमुंद में परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में बस चालकों एवं परिचालकों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बस चालकों एवं परिचालकों के रक्तचाप (बीपी), शुगर तथा नेत्र परीक्षण सहित आवश्यक स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान कुल 98 बस चालक एवं परिचालक स्वास्थ्य परीक्षण से लाभान्वित हुए। चिकित्सकों ने जांच के आधार पर आवश्यक परामर्श देते हुए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। इस अवसर पर परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बस चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, सीट बेल्ट का उपयोग करने तथा शराब या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन कर वाहन नहीं चलाने के निर्देश दिए। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चालकों एवं परिचालकों को पर्याप्त विश्राम, संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा यात्रा के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां अपनाने की सलाह दी। साथ ही उच्च रक्तचाप, मधुमेह और दृष्टि संबंधी समस्याओं की समय-समय पर जांच कराने कहा गया।



## नवनियुक्त एल्डरमैनों ने ली शपथ, नगर विकास और जनहित के कार्य करने का लिया संकल्प

**सरायपाली।** नगर पालिका परिषद सरायपाली में नवनियुक्त एल्डरमैनों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस शपथ ग्रहण से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना किया। पश्चात एसडीएम ने सभी नवनियुक्त एल्डरमैनों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में घांसीराम विश्वकर्मा, रविंद्र पंडा, संकीर्तन प्रधान, मनोज आदित्य तथा मोहन शर्मा ने एल्डरमैन ने शपथ लेकर नगर के विकास और जनहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया, नपा अध्यक्ष सरस्वती मीलू पटेल, नपा उपाध्यक्ष हेमंत प्रधान, सीएमओ, पालिका के कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान उपस्थित नागरिकों ने भी नव-नियुक्त एल्डरमैनों का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# नीट पेपर लीक लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़: आप



### झलप में आम आदमी पार्टी ने किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के झलप में शनिवार को आम आदमी पार्टी महासमुंद ने नीट पेपर लीक कांड के विरोध में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं, युवाओं और छात्रों ने भाग लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया।

पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर और प्रदेश सचिव संजय यादव ने आरोप लगाया कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में पेपर लीक होना देश की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। यह लाखों मेहनती छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय है। उन्होंने इसे युवाओं के सपनों के साथ धोखा बताते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की। वहीं जिला महासचिव मधु यादव और जिला संगठन मंत्री शकील खान ने कहा कि बार-बार पेपर लीक की घटनाएं यह साबित करती है कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को संभालने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि जब तक इस मामले में दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती और पारदर्शी जांच नहीं होती, तब तक आम आदमी पार्टी का संघर्ष जारी रहेगा।

आम आदमी पार्टी महासमुंद ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देने की मांग किया, हो रहे प्रदर्शन के दौरान ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री की इस्तीफा की सूचना सोशल मीडिया के जरिए प्राप्त हुआ, जिस पर आप कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए मौके में पटाखे फोड़ कर जश्न मनाया आप कार्यकर्ताओं ने इसे प्रजातंत्र की जीत बताया। साथ ही साथ यह चेतावनी भी जारी करते हुए कहा कि प्रत्येक मृतक छात्रों के परिवार को एक करोड़ रुपये की मुवावजा की राशि प्रदान किया जाय, आंदोलन के दौरान छात्रों पर विभिन्न धाराओं पर दर्ज किये गए एफआईआर को वापस ले एवं दोषी पुलिस कर्मियों को चिन्हांकित कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा यदि छात्रों के साथ न्याय नहीं हुआ, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बंद करो, पेपर लीक बंद करो और नरेन्द्र मोदी इस्तीफा दो जैसे नारे लगाए। अंत में आम आदमी पार्टी ने देशभर के छात्रों और अभिभावकों से इस मुद्दे पर एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील की। आज के धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप मोहन साहू, राजू टांडे, हेमलाल यादव, अजय टोंद्रे, मोती विश्वकर्मा, भीष्मदेव कुर्रे, अगेश्वर यादव, ओमप्रकाश साहू, दिनेश ध्रुव, राजेश धृतलहरे, खेमलाल धीवर, महेश बघेल, मेहत्तर आदि आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## फाइल आगे बढ़ाने के लिए रिश्वत मांगने का कथित वीडियो वायरल

**बसना।** स्थानीय तहसील कार्यालय से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें फाइल आगे बढ़ाने के लिए एसडीएम कार्यालय के बाबू गजपति जगत द्वारा कथित रूप से कथित रिश्वत की मांग की जा रही है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल इस विडियो कथित रूप से एसडीएम कार्यालय के एक बाबू द्वारा फाइल आगे बढ़ाने के एवज में रिश्वत मांगा जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है और आम लोगों के बीच सरकारी कार्यालयों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हालांकि, वायरल वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। मामले को लेकर लोगों ने संबंधित अधिकारियों से निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।




## शिकायतों के चलते होमगार्ड की सेवा वापस नए जवान की तैनाती के निर्देश

**बसना।** राजस्व अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) बसना ने होमगार्ड सैनिक तरुण मांझी की सेवाएं तत्काल प्रभाव से वापस करने के निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार तहसीलदार कार्यालय बसना में पदस्थ होमगार्ड जवान के विरुद्ध विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्राप्त होने के बाद यह निर्णय लिया गया। एसडीएम ने जिला नगर सेनानी, महासमुंद को पत्र जारी कर तरुण मांझी के स्थान पर तत्काल प्रभाव से किसी अन्य कर्तव्यनिष्ठ होमगार्ड सैनिक की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा है। ताकि, तहसील कार्यालय का शासकीय कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके। आदेश की प्रति तहसीलदार, बसना को भी आवश्यक कार्रवाई एवं जानकारी हेतु प्रेषित की गई है।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भगवान जगन्नाथ की हुई घर वापसी

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भगवान जगन्नाथ की घर वापसी बाहुड़ा यात्रा के साथ हुई। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की शनिवार 25 जुलाई को महाराज संतोष वैष्णव के घर से राममंदिर खरोरा में वापसी हुई। जहां ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### खुटेरी में निकाली गई रथयात्रा

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम पंचायत खुटेरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। गांव के ललित पटेल के घर से शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में ग्राम के सरपंच सुशीला मांझी, उपसरपंच गेस राम पटेल, पूर्व सरपंच रघुनंदन पटेल, पूर्व सरपंच घनश्याम धांधी, हेमंत निषाद, दशरथ साहू, कृष्ण ध्रुव, दुलार सिंह पटेल, नरेंद्र ध्रुव आदि मौजूद रहे।

### क्रिकेट खिलाड़ियों का पंजीयन प्रारंभ

**महासमुंद।** जिला क्रिकेट संघ द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए पुरुष एवं महिला वर्ग के अंडर-14, अंडर-16, अंडर-19, अंडर-23 एवं सीनियर खिलाड़ियों का पंजीयन प्रारंभ कर दिया गया है। केवल पंजीकृत खिलाड़ी ही जिला क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित प्रतियोगिताओं एवं चयन प्रक्रियाओं में भाग लेने के पात्र होंगे। पूर्व में पंजीकृत खिलाड़ियों के लिए भी पंजीयन का नवीनीकरण अनिवार्य है। जिसमें दो पासपोर्ट फोटो, जन्म प्रमाण पत्र, अंकसूची जरूरी है।

**जागरूकता :** जमदरहा में हुआ आयोजन, पौधारोपण कर लिया देखभाल का संकल्प

# युवा प्रभाग-सर्व आदिवासी समाज ने किया 300 पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पर्यावरण संरक्षण, हरित भविष्य एवं जनजागरुकता के उद्देश्य से आदिवासी युवा प्रभाग सरायपाली-बसना एवं सर्व आदिवासी समाज बड़े साजापाली के संयुक्त नेतृत्व में मां विंध्यवासिनी मंदिर प्रांगण एवं विद्यालय परिसर बी बनडबरी जमदरहा में भव्य पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लगभग 300 फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व आदिवासी समाज परिक्षेत्र बड़े साजापाली के अध्यक्ष उसुम कुमार बरिहा एवं आदिवासी युवा प्रभाग सरायपाली–बसना के अध्यक्ष देव ठाकुर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण उद्यान विकास विस्तार अधिकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी उपेन्द्र कुमार नाग उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में जनपद सदस्य मीना सत्यानंद बरिहा, सेवानिवृत्त प्राचार्य फागुलाल बरिहा, डॉ.योगेश कुमार बरिहा, पूर्व जनपद सदस्य सोनसाय बरिहा, कर्मचारी प्रभाग के अध्यक्ष विजय सिंह सिदार, समाज के सचिव छत्तरसिंह जगत, कोषाध्यक्ष चंदर सिंह सिदार, उपाध्यक्ष करम सिंह जगत, युवा प्रभाग के सचिव राजू सिदार, सर्व आदिवासी समाज परिक्षेत्र बड़े साजापाली के अध्यक्ष एवं बिंझवार समाज के युवा अध्यक्ष खिलेश बरिहा, आदिवासी युवा प्रभाग संयोजक मनोज सिदार, अखिल भारतीय गोंड़ समाज फुलझर राज के युवा अध्यक्ष एवं आदिवासी युवा प्रभाग सरायपाली-बसना के सचिव राजेंद्र सिदार, गोंड़ समाज भंवरपुर के युवा अध्यक्ष नोहर सिंह सिदार, भटगांव राज के युवा अध्यक्ष अरविंद बरिहा, सचिव राजेंद्र बरिहा तथा कोंध समाज के युवा अध्यक्ष संजय कुमार गहिर सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।




#### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर द्वारिका बरिहा, जसवंती भोई, सुलोचना बरिहा, सुलेंद्री बरिहा, पैतराम बरिहा, लक्ष्मण बाघ, रामचरण बरिहा, जोगेश्वर बरिहा, कार्तिक राम बरिहा, धरम सिंह बरिहा, हेमलाल बरिहा, अर्जुन बरिहा, मनोज सिदार, प्रकाश पारेश्वर, किशन जगत, टिकेश्वर मरकाम, अमृत सिदार, रंजीत बरिहा, करन मेलोडी, अर्जुन सिंह नेताम, निधिचरण बरिहा, लीलाधर, कन्हैया जगत, राजेश सिदार, पदमन बरिहा, जवाहर बरिहा, संजय बरिहा, महेन्द्र बरिहा, गोविंदा बरिहा, रतनलाल बाघ, किशोर बरिहा, फत्तेलाल बरिहा, पूनम सिदार, सिंधू जगत, भूमिका सिदार, अन्नू, सरिता जगत, मानसी, प्रियंका, उषा, ज्योति, बसंती एवं सलीना सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

#### बाड़ी में मौसमी साग-सब्जियों की खेती अपनाने किया प्रेरित

मुख्य अतिथि उपेंद्र कुमार नाग ने पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रत्येक परिवार को अपनी बाड़ी में मौसमी साग-सब्जियों की खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया।

#### पौधों का देखभाल करने लिया संकल्प

कार्यक्रम में सर्व आदिवासी समाज के वरिष्ठजन, मातृशक्ति, युवा साथी एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण करते हुए पौधों की सुरक्षा एवं नियमित देखभाल का सामूहिक संकल्प लिया। इस दौरान आगामी विश्व आदिवासी दिवस (09 अगस्त) के सफल आयोजन, पर्यावरण संरक्षण तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन एक व्यक्ति–एक पौधा के संकल्प तथा जय सेवा, जय जोहार, जय आदिवासी के उद्घोष के साथ हुआ।

## ग्रामीण उत्पादों के लिए एक्सपोर्ट ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कृषि और संस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण रायपुर (एपीडा) संस्था एवं आनंद एजुकेशन सोसायटी रायपुर के द्वारा जिले में स्थापित फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी एवं समूह द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पाद के विपणन एवं एक्सपोर्ट के संबंध में एक दिवसीय एक्सपोर्ट ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन जिला पंचायत में किया गया।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत अनुपमा आनंद के मार्गदर्शन में 24 जुलाई को कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यातक विकास प्राधिकरण रायपुर द्वारा आयोजित एक दिवसीय एक्सपोर्ट ओरिएंटेशन प्रोग्राम का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन, सूक्ष्म लघु उद्योग एवं समूह द्वारा उत्पादित सामग्रियों, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यातकों का पंजीकरण, आरसीएमसी प्रमाण पत्र, अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए उत्पादकों के मानक और गुणवत्ता और वैश्विक बाजार के बीच कड़ी के रूप में काम करने के लिए आवश्यक जानकारी साझा किया गया। जिससे उत्पाद को निर्यात करने करने से उनका अधिक मूल्य पाया जा सके। सीईओ जिला पंचायत अनुपमा आनंद द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए उनके द्वारा निर्मित उत्पादित सामग्रियों को गुणवत्ता एवं पैकेजिंग ब्रांडिंग के माध्यम से स्थानीय एवं वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने एवं विक्रय किए जाने के लिए दिए गए प्रशिक्षण का स्वयं एवं अपने आसपास के उद्यमियों को बताकर लाभ प्राप्त करने के लिए चर्चा की गई। कार्यक्रम में एपीडा संस्था से मास्टर ट्रेनर के रूप में दिनेश सावले कृषि विकास प्रबंधक, अशोक राय कंसलटेंट एवं प्रेम आनंद राव फैसिलिटेटर तथा एफपीओ, समूह की सहभागिता रही।

## नर्रा क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया माता पहुंचनी का पर्व

**नर्रा।** पारंपरिक माता पहुंचनी का पर्व ग्राम नर्रा सहित क्षेत्र के गांवों में गुरुवार को धूमधाम, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही शीतला मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने नारियल, अगरबत्ती, फूल, पान चढ़ाकर विधिवत पूजा-अर्चना कर अपने परिवार में सुख, शांति और निरोगी काया और विशेष रूप से मौसमी बीमारियों से रक्षा के लिए माता से प्रार्थना की। गांव के बैगा द्वारा गांव के सुख-शांति के लिए पूजा पाठ किया। माता रानी को ठंडाई में नीम हल्दी मिश्रित जल अर्पित की गई। मंदिर परिसर में ठंडाई लेने और प्रसाद ग्रहण करने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़े। जसगीत टोलियों ने मांदर, झांझ मंजीरा के थाप पर माता जसगीत गाते हुए भ्रमण किया गया। इस अवसर पर गांव के प्रमुख नागरिक, महिलाएं, युवा एवं छोटे बच्चे बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। सभी श्रद्धालुओं को नारियल रोट प्रसादी का वितरण किया गया।

## छत्तीसगढ़ का गौरव ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र अभियान

**महासमुंद।** देश के वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनका मनोबल बढ़ाने के लिए राज्यभर में ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र अभियान 2026 चलाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग व समाज कल्याण विभाग इसके तहत यह अभियान सभी जिलों में आयोजित किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टिक्वेंद्र जटवार ने बताया कि पूर्व सैनिक महासभा से संचालित इस गैर राजनीतिक और राष्ट्रव्यापी देशभक्ति अभियान के तहत सीमाओं पर तैनात सैनिकों के लिए राखी, शुभकामना पत्र और उनके विजय तिलक के लिए छत्तीसगढ़ की पावन मिट्टी संग्रहित की जाएगी। यह सामग्री पूर्व सैनिकों द्वारा भारतीय सेना मुख्यालय, नई दिल्ली तक पहुंचाई जाएगी।

जिसके तहत महिला एवं बाल विकास विभाग महासमुंद ने जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं, स्कूल-कॉलेज की छात्राओं, धार्मिक संगठनों और समस्त महासमुंदवासियों से अपील की है कि एक-एक सिपाही रक्षा सूत्र तैयार करें। प्रत्येक महतारी वंदन की हितग्राही या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एक छोटे लिफाफे में स्वनिर्मित मौली धागा व राखी, सैनिक भाई के नाम शुभकामना पत्र जिसमें अपना नाम, पता और मोबाइल नंबर अवश्य लिखें तथा विजय तिलक के लिए छत्तीसगढ़ की एक चुटकी पावन मिट्टी रखकर यह पैकेट तैयार कर सकते हैं। तैयार किए गए रक्षा-सूत्र के लिफाफे 30 जुलाई तक अपने क्षेत्र के निकटतम आंगनबाड़ी केंद्र, एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय महिला एवं बाल विकास या जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग महासमुंद में जमा किए जा सकते हैं। यह छोटा सा प्रयास देश के प्रहरियों का मनोबल कई गुना बढ़ाएगा।

## संस्कार पब्लिक स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया गया कारगिल विजय दिवस

### विद्यार्थियों ने दी देशभक्ति की प्रेरणादायी प्रस्तुतियाँ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- विभिन्न स्पर्धा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन

संस्कार पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस बड़े ही उत्साह, गर्व और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, वीर सैनिकों के प्रति सम्मान एवं देशभक्ति की भावना जागृत करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता से हुई, जिसमें बच्चों ने भारतीय सैनिकों एवं देशभक्ति से जुड़े विभिन्न पात्रों का आकर्षक रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। पश्चात प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए कारगिल विजय दिवस विषय पर कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता एवं कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए वीर सैनिकों के साहस और बलिदान को सुंदर कार्डों के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कारगिल विजय दिवस पर आधारित नुक्कड़ नाटक रहा। यह प्रभावशाली प्रस्तुति महासमुंद स्थित शहीद स्मारक में आयोजित की गई, जहाँ विद्यार्थियों ने अपने अभिनय से उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर दिया तथा देशभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित भारतीय सेना के अधिकारियों ने विद्यार्थियों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, त्याग एवं बलिदान को नमन करते हुए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और देश के वीर जवानों के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सुदृढ़ करते हैं।



## कारगिल विजय दिवस पर महर्षि विद्या मंदिर में हुआ देशभक्ति कार्यक्रम, छात्रों ने उत्साह से लिया हिस्सा






हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कारगिल विजय दिवस पर महर्षि विद्या मंदिर में शनिवार को देशभक्ति, शौर्य और राष्ट्रगौरव से ओत-प्रोत भव्य कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य आरके तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के वीर सैनिक बलदेव प्रसाद मिश्रा एवं मायाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्राचार्य आरके तिवारी ने बलदेव प्रसाद मिश्रा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा गोविंद सिंह ठाकुर ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। इसी प्रकार प्राचार्य द्वारा मायाराम साहू का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया तथा नवीन कुमार ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। पश्चात खेल प्रभारी दुर्गेश कन्नौजे ने प्राचार्य आरके तिवारी का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। खेल प्रभारी दुर्गेश कन्नौजे के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने अनुशासित कदमताल के साथ अतिथियों को मंच तक पहुंचाया। वहीं सैनिक वेशभूषा में सजे नन्हे-मुन्ने बच्चों ने वीर सैनिकों को सैल्यूट कर भावपूर्ण स्वागत किया। यह मनमोहक दृश्य पूरे कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। तत्पश्चात बाल सैनिकों का तिलक लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नंद कुमार साहू एवं पम्मी यादव ने किया। शुभारंभ गुरु पूजन एवं मां सरस्वती की वंदना से हुआ, जिसे सुभाष पांडेय एवं संदीप शर्मा ने विधिवत संपन्न कराया। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका रेखा तिवारी ने कारगिल के अमर वीरों को समर्पित अपनी स्वरचित ओजपूर्ण कविता प्रस्तुत कर वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। पश्चात वीर सैनिकों का शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कक्षा 12 के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत कारगिल युद्ध पर आधारित प्रेरणादायक नाट्य मंचन रहा। समीर देवदास, निखिल ध्रुव, खुशाल, पारुल, मुस्कान सिदार, लक्ष्य, मोक्ष, नोमेश एवं कामेश ने भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, पराक्रम और मातृभूमि के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान का सजीव चित्रण कर उपस्थित सभी दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित भाषण प्रतियोगिता में लिशी देवांगन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में डिंपल, सोनाली एवं दिव्या की टीम विजेता रही। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र एवं आकर्षक उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सुभाष पांडेय एवं हेड बॉय रेवती रमन साहू ने आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों की बैठक एवं अनुशासन व्यवस्था सभी प्रभारी शिक्षकों एवं छात्र परिषद के सदस्यों ने उत्कृष्ट ढंग से संभाली। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने कारगिल के अमर शहीदों एवं वीर सैनिकों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा एवं देशसेवा का प्रेरक संदेश दिया।

## रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल में कारगिल दिवस पर करियर वॉक थ्रू का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल एवं करियर ड्रोम के संयुक्त तत्वावधान में कारगिल दिवस पर करियर वॉक थ्रू कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा विभिन्न करियर विकल्पों के प्रति जागरूकता विकसित करना था। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर भारतीय सेना से जुड़े कनक राम निषाद, प्रदीप कुमार चंद्राकर एवं युवराज चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।




अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

अतिथियों ने विद्यार्थियों को कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रसेवा की भावना से परिचित कराया। उन्होंने अपने प्रेरक अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, दृढ़ संकल्प, कर्तव्यनिष्ठा एवं देशप्रेम को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने सशस्त्र सेनाओं सहित विभिन्न करियर क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अतिथियों से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सरल एवं प्रेरक उत्तर देकर उनका मार्गदर्शन किया। यह संवाद विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक रहा। विद्यालय की प्राचार्या पूजा शर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति सम्मान, नेतृत्व कौशल और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की प्रेरणा प्रदान करते हैं। अंत में सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शनः-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर, 10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशिः-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

PM-JAY (आयुष्मान भारत योजना) के तहत त्वरित, सरल और कैशलेस सुविधा
मित्तल हॉस्पिटल
अब आयुष्मान योजना द्वारा
डायलिसिस सेवा उपलब्ध
Dr Abhishek Tiwari
DrNB (Nephrology)
पूर्णकालिक सेवा उपलब्ध
अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें
अनुभवी नेफ्रोलॉजिस्ट द्वारा देखभाल
किडनी रोग विशेषज्ञ टीम
नियमित जांच और मॉनिटरिंग
24x7 आपातकालीन सुविधा
होली क्रास स्कूल के सामने, अवंति बाई चौक, पंडरी, रायपुर
फोन: 93430 79151, 91313 99570